2014/00023 2014/00024

**न्यायालय जिला कलक्टर, बीकानेर**
**बइजलास अनिल गुप्ता, आई.ए.एस. जिला कलक्टर, बीकानेर**

मुकदमा संख्या **11/14** राजस्व विविध

रीछाराम पुत्र रतनाराम मेघवाल निवासी दियातरा तहसील कोलायत जिला बीकानेर

**—प्रार्थी**

**: ब ना म :**

1. स्टेट ऑफ राजस्थान
2. अधिशाषी अभियन्ता सा.नि.वि.रा.ऊ.मा.खण्ड 15 बीकानेर
3. तहसीलदार (राजस्व), कोलायत
4. सहायक अभियन्ता सी.पी.डब्ल्यू.डी. रा.उ.मा.न.15 कोलायत
5. मुख्य अभियन्ता पी.डब्ल्यू.डी. राजस्थान, जयपुर।

**—अप्रार्थी**

**माननीय राजस्थान उच्च न्यायालय जोधपुर द्वारा एस.बी.सिविल रिट पिटिशन संख्या 205/10 में पारित निर्णय दिनांक 18.12.12 की अनुपालना में सुनवाई बाबत प्राप्त प्रकरण**

**उपस्थितिः—**

1. प्रार्थी के अधिवक्ता श्री बच्छराज कोठारी उपस्थित।
2. स्टेट की तरफ से राजपैरोकार उपस्थित।
3. राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण की और से अधिवक्ता श्री दिनेश गहलोत उपस्थित।

सत्यमेव जयते
Web Copy - Not Official

**आदेश :**

**दिनांक 06.12.2017**

1. प्रकरण के संक्षिप्त तथ्य इस प्रकार है कि प्रार्थी द्वारा माननीय उच्च न्यायालय में नेशनल हाईवे नम्बर 15 में आई खातेदारी भूमि के मुआवजे बाबत याचिका संख्या **205/10** प्रस्तुत की गई। माननीय उच्च न्यायालय द्वारा दिनांक **18.12.12** को निर्णय पारित करते हुए जिला कलक्टर को निर्देशित किया गया कि प्रकरण में प्रार्थी द्वारा आवेदन प्रस्तुत करने पर उसकी विधिवत जांच की जाकर मुआवजा राशि बाबत विधिसम्मत निर्णय पारित करें।

2. प्रकरण दर्ज रजिस्टर कर पक्षकारान को साक्ष्य व सुनवाई का अवसर प्रस्तुत करने हेतु नोटिस जारी किया गया।

जिला कलक्टर, बीकानेर

3. प्रार्थी की और से मुआवजा के संबंध में क्लेम प्रार्थना—पत्र प्रस्तुत किया गया कि प्रार्थी की **पुराना ख.नं. 64 की तादादी 120 बीधा 10 बिस्वा मोजा रोही शरह पूनोलाव में स्थित है। उक्त भूमि में से 1.24 हैक्टर भूमि पर नेशनल हाईवे नं. 15 सडक बनाई गई है। भूमि की इस समय डी.एल.सी.दर 1,64,450/— प्रति बीधा व बाजार दर 5 लाख रूपये** प्रति बीधा से ज्यादा है। अप्रार्थीगण ने बिना अवाप्ति की कार्यवाही किये गैर कानूनी तरीके से सड़क निर्माण कर लिया है, जिससे प्रार्थी वर्षो से फसल व अन्य सुविधाओं से वंचित रहा है, अतः प्रार्थी को मुआवजे पर 30 प्रतिशत सोलेशियम तथा सोलेशियम पर 12 प्रतिशत ब्याज व भूमि आवाप्ति अधिनियम 2013 के प्रावधानों के तहत बाजार कीमत से चार गुणा राशि दिलवाई जावे।

